**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3365**
**सोमवार, 16 दिसंबर, 2024 / 25 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**डीटीएनबीडब्ल्यूईडी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम**

**3365. श्री अरुण भारती:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जी दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय कामगार शिक्षा और विकास बोर्ड (डीटीएनबीडब्ल्यूईडी) द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) संगठित और असंगठित क्षेत्रों द्वारा वर्गीकृत उपरोक्त कार्यक्रमों में भाग लेने वालों का ब्यौरा क्या है;

(ग) कामगारों के कौशल स्तरों में सुधार लाने पर इन प्रशिक्षण पहलों का क्या प्रभाव पड़ा है;

(घ) भावी कार्यक्रमों में असंगठित क्षेत्र के कामगारों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ङ) क्या सरकार की श्रमिक चौपालों की पहुंच का और अधिक क्षेत्रों में विस्तार करने और उनकी बारंबारता बढ़ाने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ङ)**:** डीटीएनबीडब्ल्यूईडी ने वर्ष 2024-25 के दौरान (नवंबर, 2024 तक की स्थिति के अनुसार) संगठित क्षेत्र के लिए 421 प्रशिक्षण कार्यक्रम और असंगठित क्षेत्र के लिए 5,163 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए है, जिनमे क्रमशः 8916 और 3,43,295 कामगारों ने भाग लिया।

इन प्रशिक्षण पहलों का प्रभाव कामगारों के कौशल स्तर में वृद्धि रहा है, जिसमे बढ़ी हुई रोजगार-विशिष्ट दक्षताऐं इत्यादि शामिल हैं।

असंगठित क्षेत्र के कामगारों की प्रतिभागिता में वृद्धि लाने के लिए प्रमुख पहलों में गांव/पंचायत/ब्लॉक स्तर पर 'जागरूकता सह पंजीकरण शिविर और श्रमिक बस्ती / श्रमिक चौराहा पर **'**श्रमिक चौपाल' शामिल है।

डीटीएनबीडब्ल्यूईडी ने वित्तीय वर्ष, 2024-25 के लिए देश भर में श्रमिक चौपाल कार्यक्रम के अपने लक्ष्य को 5400 से बढ़ाकर 7146 कर दिया है।

******